न्यायालय सहायक कलक्टर (मु0) धौलपुर

पीठासीन अधिकारी – डॉ साधना शर्मा (आर0ए0एस0)

प्रकरण संख्या : 11/2023

जीसीएमएस संख्याः 2023/99

1. कमलसिंह पुत्र छोटे । जाति जाटव निवासीगण मिर्जापुर (सरानीखेड़ा) तहसील
2. बत्तो पत्नी छोटे । व जिला धौलपुर ....वादीगण
3. सुज्जावती पुत्री छोटे।

बनाम

1. अमरसिंह उर्फ कुंवरसिंह पुत्र नेता।
2. कैलाशी पुत्र नेता ।
3. रामनाथ पुत्र नेता ।
4. हरीचंद पुत्र नेता ।
5. ल्होरी पत्नी नेता ।
6. कुवरदेई पुत्री नेता पत्नी कमलसिंह जाति जाटव निवासी खुड़िला का पुरा (मजरा खुड़िला) तहसील राजाखेड़ा जिला धौलपुर
7. नवलदेई पुत्री नेता पत्नी बबलू जाति जाटव निवासी खुड़िला का पुरा मजरा खुड़िला तहसील राजाखेड़ा जिला धौलपुर
8. चन्द्रकांता पुत्री कल्ला पत्नी सौरभ जाति जाटव निवासी खुड़िला का पुरा मजरा खुड़िला तहसील राजाखेड़ा जिला धौलपुर
9. जीतू पुत्र कल्ला ।
10. नरेश पुत्र कल्ला ।
11. राजकुमार पुत्र कल्ला ।
12. जगदीश पुत्र नत्थी ।
13. जुगरो पत्नी नत्थी ।
14. सोनदेई पुत्री नत्थी पत्नी हीरा जाति जाटव निवासी कासिमपुर तहसील व जिला धौलपुर
15. सुनीता पत्नी रामदास । जाति जाटव निवासी मिर्जापुर (सरानीखेड़ा)
16. वीकेश । पि0 रामदास। तहसील व जिला धौलपुर
17. अगनेश । ।
18. सुमन पुत्री रामदास पत्नी लोकेन्द्र जाति जाटव निवासी कुरैन्दा तहसील सैपऊ जिला धौलपुर
19. स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा धौलपुर द्वारा प्रबंधक महोदय स्टेट बैंक आफ इण्डिया शाखा धौलपुर जिला धौलपुर
20. राजस्थान सरकार द्वारा तहसीलदार धौलपुर ....प्रतिवादीगण

दावा बंटवारा एवं स्थाई निषेधाज्ञा

दिनांक 18.07.2025

निर्णय

वादी ने विरूद्ध प्रतिवादीगण दिनांक 24.03.2023 को एक राजस्व वाद बाबत बटवारा काश्त व स्थाई निषेधाज्ञा न्यायालय में पेश किया। जो बाद तहकीकात दिनांक 27.08.2024 को प्रांरम्भिक रूप से डिक्री किया गया, तथा तहसीलदार धौलपुर से विभाजन

उपखण्डाधिकारी पदेन
सहायक कलक्टर मुख्यालय
धौलपुर (राज0)

प्रस्ताव तलब किये गये। तहसीलदार धौलपुर ने पत्रांक 578 दिनांक 15.07.2025 से विभाजन प्रस्ताव न्यायालय में प्रेषित किये है।

विभाजन प्रस्ताव का अवलोकन किया एवं वकील वादी को सुना गया। वकील वादी ने मुताबिक विभाजन प्रस्ताव दावा डिक्री किये जाने का निवेदन किया। वकील वादी की बहस सुनी गई, वकील वादी ने विभाजन प्रस्ताव पर अपनी सहमति जाहिर की, एवं मुताबिक विभाजन प्रस्ताव दावा वादी डिकी किये जाने का निवेदन किया।

हमने वकील वादी की बहस का मनन किया एवं तहसीलदार धौलपुर से प्राप्त विभाजन प्रस्ताव, पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजातों का अवलोकन किया विभाजन प्रस्ताव विवादित आराजी पर वर्तमान खातेदार काश्तकारों के दर्ज हिस्से अनुसार ही है। ऐसी स्थिति में दावा वादी मुताबिक विभाजन प्रस्ताव अंतिम रूप से डिक्री किया जाना न्यायोचित समझते है।

अतः आदेश है कि दावा वादी मुताबिक विभाजन प्रस्ताव अंतिम रूप से डिक्री किया जाकर पक्षकारों को विवादित आराजी खसरा नम्बर 1388 स्थिति ग्राम शाहपुर तहसील व जिला धौलपुर में निम्नानुसार पृथक– पृथक खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है:–

	खातेदार का नाम	खसरा नम्बर	रकवा	किस्म
1.	ल्होरे पत्नी नेता, व अमरसिंह, कैलाशी, रामनाथ, हरीचन्द पुत्रान व कुमरदेई, नवलदेई, पुत्रियान नेता हि. ब. 7/8 व नाबालिग जीतू, पुत्र कल्ला, नरेश पुत्र कल्ला, नाबा. राजकुमार पुत्र कल्ला व चन्द्रकांता पुत्री पिसरान कल्ला हि. ब. 1/8 जातिगण जाटव सा. मिर्जापुर	1388/1	0.1012 है0	बारानी आलिफ
2.	जुगरो पत्नी नत्थी हि. 2/5 व जगदीश पुत्र नत्थी हि 1/5 व सोनदेई पुत्री नत्थी हि. 1/5, व सुनीता पत्नी रामदास, व वीकेश, अगनेश पुत्रान व सुमन पुत्री रामदास हि.ब. 1/5 जातिगण जाटव निवासी मिर्जापुर	1388/2	0.1012 है0	बारानी आलिफ
3.	बत्तो पत्नी छोटे, कमलसिंह पुत्र व सुज्जावती पुत्री छोटे हि. ब. पूर्ण जातिगण जाटव निवासी मिर्जापुर	1388/3	0.1011 है0	बारानी आलिफ

कुल किता 3 रकवा 0.3535 हैक्टेयर बाकै ग्राम शाहपुर तहसील व जिला धौलपुर कुल लगान 1.12 रुपये।

उपरोक्तानुसार ही पक्षकारों के खाते एवं लगान पृथक– पृथक कायम किये जाने के आदेश दिये जाते है। मुताबिक विभाजन प्रस्ताव बत्तो बगैरा को दिये गये आराजी

उपखण्डाधिकारी पदेन
सहायक कलक्टर मुख्यालय
धौलपुर (राज0)

खसरा नम्बर 1388/3 बाकै ग्राम शाहपुर तहसील व जिला धौलपुर में बत्तो पत्नी छोटे हि. 1/3 पर स्टेट बैंक आफ इण्डिया के राहिन के इन्द्राज किये जावे। विवादित आराजी के कुल लगान 1 रूपये 12 पैसे के बीस गुना राशि पर देय मुद्रांक कर 2 रूपये 24 पैसे के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेश होने पर पर्चा डिक्री जारी हो पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो तथा दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय मेरे द्वारा लिखाया जाकर आज दिनांक 18.07.2025 को खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

(डॉ साधना शर्मा)
उपखण्ड अधिकारी पदेन
सहायक कलक्टर मु0

उपखण्ड अधिकारी
सहायक कलक्टर न्यायालय
धौलपुर (राज0)